तू इतना दूर क्यों है श्याम

तू इतना दूर क्यों है श्याम,
बता नाराज़ क्यों है श्याम,
मैं तेरा लाडला हूँ,
गले मुझको लगा ले श्याम,
ओ श्याम, प्यारे श्याम,
ओ श्याम, मेरे श्याम.......

तेरे चरणों को छूने को,
मेरी बइयाँ तरसती है,
तेरे दर्शन को पाने को,
मेरी अँखियाँ तरसती है,
हालातों से हारा हूँ मैं,
अकेला हो गया हूँ मैं,
मैं तेरा हूँ बुला ले श्याम,
गले मुझको लगा ले श्याम,
ओ श्याम, प्यारे श्याम,
ओ श्याम, मेरे श्याम......

सुना है तेरे भक्तों से,
के हारे का साथी तू,
बुलाता हूँ तुझे आजा,
अकेला हो गया हूँ मैं,
ये दीवारें गिरा दे अब,
झलक अपनी दिखा दे श्याम,
मैं तेरा लाडला हूँ,
गले मुझको लगा ले श्याम,
ओ श्याम, प्यारे श्याम,
ओ श्याम, मेरे श्याम......

तेरे चरणों में जीवन है,
तू हर हारे का साथी है,
हर एक भगवान की सूरत,
मेरे श्याम की सूरत है,
मेरी पूजा तेरा दर्शन,
तेरी सेवा मेरा जीवन,
मैं तेरा लाडला हूँ,
गले मुझको लगा ले श्याम,
ओ श्याम, प्यारे श्याम,
ओ श्याम, मेरे श्याम.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23446/title/tu-itna-door-kyu-hai-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |